आपका हर दिन जीवन में बदलाव लाने का बेहतरीन अवसर है।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-256 ● कटनी ● बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## मानव शरीर में सुअर की किडनी का सफल ट्रांसप्लांट, डॉक्टरों को मिली बड़ी सफलता

**वाशिंगटन।** वैज्ञानिकों को मानव शरीर में सुअर की किडनी ट्रांसप्लांस करने में बड़ी सफलता मिली है। तमाम परीक्षणों के बाद अब डॉक्टरों ने बताया कि कि मानव शरीर में सुअर की किडनी सुचारू रूप से काम कर रही है और ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहा है। यह बड़ी सफलता अमेरिकी डॉक्टरर्स को मिली है, जिससे अब मानव शरीर में ट्रांसप्लांट करने के लिए मानव अंगों की कमी को दूर किया जा सकता है। ऐसा पहली बार संभव हुआ है जब मानव शरीर शरीर में किसी दूसरे प्राणी की किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। हालांकि इससे पहले भी ऐसे कई प्रयोग किए गए हैं लेकिन शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र बाहरी अंगों को स्वीकार नहीं करता है और ट्रांसप्लांट सफल नहीं हो पाता है। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है जब सुअर की किडनी को मानव शरीर में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया है और शरीर ने भी सफलतापूर्णक ग्रहण कर लिया है। इस पूरी परीक्षण प्रक्रिया में न्यू यॉर्क सिटी में एनवाईयू लैंगन हेल्थ में एक सुअर पर परीक्षण किया गया और उसके जीन को सबसे पहले बदला गया, ताकि मानव शरीर सुअर के अंग को खारिज नहीं करें। इसके बाद सुअर की किडनी को एक ब्रैन डेड मरीज में ट्रांसप्लांट कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि ब्रैन डेड मरीज की किडनी ने पूरी तरह काम करना बंद कर दिया था और परिवार के सदस्यों ने भी लाइफ सपोर्ट सिस्टम को हटाने से पहले परीक्षण की अनुमति दे दी थी। डॉक्टरों ने बताया कि 3 दिन तक सुअर की किडनी को मानव शरीर की रक्त वाहिकाओं से जोड़कर रखा गया था और जब सफल परिणाम दिखे तो किडनी को ट्रांसप्लांट कर दिया गया। अमेरिका में यूनाइटेड नेटवर्क फॉर ऑर्गन शेयरिंग के मुताबिक फिलहाल दुनियाभर में 107000 लोग ऑर्गन ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहे हैं और इसमें भी करीब 90 हजार ऐसे लोग हैं, जो सिर्फ किडनी ट्रांसप्लांट कराना चाहते हैं। एक किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए औसतन करीब 3 से 5 साल का इंतजार करना पड़ता है।



## कुशीनगर एयरपोर्ट का शुभारंभ



**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (बुधवार) उत्तर प्रदेश के कुशीनगर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा भारत विश्व भर के बौद्ध समाज की श्रद्धा, आस्था, प्रेरणा का केंद्र है। उन्होंने कहा, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ये सुविधा एक प्रकार उनकी श्रद्धा को अर्पित पुष्पांजलि है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों को विकसित करने के लिए, बेहतर कनेक्टिविटी के लिए, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के निर्माण पर भारत द्वारा आज विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुशीनगर का विकास, यूपी सरकार और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में है। पीएम मोदी ने कहा, उड़ान योजना के तहत बीते कुछ सालों में 900 से अधिक नए रूट्स को स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 350 से अधिक पर हवाई सेवा शुरु भी हो चुकी है। 50 से अधिक नए एयरपोर्ट या जो पहले सेवा में नहीं थे, उनको चालू किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का एविएशन सेक्टर प्रोफेशनली चले, सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता मिले, इसके लिए हाल में एयर इंडिया से जुड़ा बड़ा कदम देश ने उठाया है। ऐसा ही एक बड़ा रिफॉर्म डिफेंस एयरस्पेस को सिविल यूज के लिए खोलने से जुड़ा है। वहीं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश में 70 साल में केवल 74 एयरपोर्ट थे। सात साल के अंदर 54 हवाईअड्डे स्थापित कर, आज भारत में 128 एयरपोर्ट स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली और कुशीनगर के बीच की डायरेक्ट फ्लाइट की शुरुआत 26 नवंबर से होगी। कुशीनगर को 18 दिसंबर को मुंबई के साथ जोड़ा जाएगा और कुशीनगर को कोलकाता के साथ भी जोड़ा जाएगा

### फटाफट खबरें



#### आश्रम 3: बॉबी देओल समेत बाकी स्टारकास्ट भोपाल में

**भोपाल।** कोरोना का प्रकोप कम होने के बाद अब राजधानी भोपाल में फिल्मकार अपने लंबित प्रोजेक्ट्स की शूटिंग के लिए पुनः आने लगे हैं। विगत मंगलवार को वेब सीरीज आश्रम के तीसरे सीजन की शूटिंग के लिए अभिनेता बॉबी देओल के साथ-साथ दर्शन कुमार, चंदन सान्याल, त्रिधा चौधरी और प्रीति सूद सहित बाकी स्टारकास्ट भी भोपाल पहुंची। प्रकाश झा द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज का कुछ हिस्सा भोपाल की विभिन्न खूबसूरत लोकेशनों पर फिल्माया जाएगा।

#### मध्य प्रदेश में बारिश के आसार अब कम, रात में ठंड का बढ़ेगा जोर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दो दिन तक सक्रिय रहा कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़कर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में तब्दील हो गया है। वर्तमान में यह सिस्टम उत्तर प्रदेश के मध्य में बना हुआ है। इस वजह से अब प्रदेश में बारिश होने की संभावना काफी कम हो गईं हैं। उधर हवा का रुख उत्तरी होने से अब रात के तापमान में गिरावट होगी। हालांकि आसमान साफ होने से धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगेगी।

#### केरल के 11 जिलों में आरेंज अलर्ट उत्तराखंड में तबाही

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत समेत केरल राज्य में भारी बारिश के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। उत्तराखंड व केरल में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने भारी क्षति पहुंचाई है। इन दोनों राज्यों में अभी तक 76 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। उत्तर भारत में कई दिनों तक भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के नैनीताल क्षेत्र में ही मंगलवार तड़के सात अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 30 की मौत हो गई। दक्षिणी भारतीय राज्य केरल में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से कम से कम 35 लोग मारे गए हैं। सेना और नौसेना के बचाव अभियान जारी हैं। राज्य में मानसून के मौसम में हर साल बाढ़ आती है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

## लखीमपुर खीरी की घाघरा नदी में पलटी नाव, 10 लोग बहे

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां घाघरा नदी में एक नाव पलटने की सूचना है। नाव पर सवार 10 लोग बह गए हैं। मौके पर बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी जिले की धौरहरा तहसील के थाना ईसानगर इलाके के मिर्जापुर गांव में यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह एक नाव घाघरा नदी में पलट गई। नाव पर सवार 10 लोग घाघरा नदी में बह गए हैं। यह संख्या घट या बढ़ भी सकती है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।

### तमिलनाडु सरकार के फैसले का विरोध

## मंदिरों का 2138 किलो सोना गलाने की तैयारी



**चेन्नई।** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार मंदिरों के करीब 2138 किलो सोने को पिघलाने की तैयारी कर रही है और राज्य सरकार के इस फैसले को अब विरोध भी होने लगा है। राज्य सरकार के इस आदेश को अब मद्रास उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता ने सरकार के इस फैसले को अवैध बताया है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले सोने का सही ऑडिट किए बगैर जल्दबाजी में कदम उठा रही राज्य सरकार की मंशा पर भी सवाल उठते हैं। राज्य सरकार का कहना है कि मंदिर में रखे सोने को पिघलाकर सोने की छड़ में बदलने का अधिकार है और यह प्रक्रिया 50 साल से चल रही है। लेकिन स्टालिन सरकार का यह फैसला तमिलनाडु में बड़े विवाद का कारण बना हुआ है। मंदिरों में आस्था रखने वाले लोगों सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। याचिकाकर्ताओं, एवी गोपाल कृष्णन और एमके सरवनन ने हाईकोर्ट को जानकारी ही है कि सरकार का आदेश न केवल हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, प्राचीन स्मारक अधिनियम, गहना नियम आदि का उल्लंघन है, बल्कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ भी है। . . हाईकोर्ट ने इसी साल 7 जून को मंदिर की संपत्ति के मूल्यांकन और उसके रिकॉर्ड की रिकॉर्डिंग का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि तमिलनाडु में पिछले 60 साल से ऐसा नहीं हो रहा है। राज्य सरकार ने एक उचित ऑडिट करने के बजाय देवताओं की सजावट में उपयोग किए जाने वाले बड़े गहनों के अलावा सोने के गहने और अन्य वस्तुओं को पिघलाने की घोषणा की। सरकार ने 2138 किलो सोने को पिघलाने की योजना बनाई है।

## ब्रिटेन में फिर से कोरोना का कोहराम



**लंदन।**

भारत में संभलते कोरोना संक्रमण के बीच एक डराने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, ब्रिटेन में कोरोना के डेल्टा वैरिएंट का म्यूटेटेड वर्जन कोहराम मचा रहा है। 11 अक्तूबर के बाद से वहां प्रतिदिन 40 हजार के ऊपर कोरोना संक्रमित सामने आ रहे हैं। सोमवार को तो यहां 48 हजार से ऊपर मामले दर्ज किए गए। ऐसे में एक बार फिर बेकाबू होता कोरोना संक्रमण भारत के लिए खतरे की घंटी हो सकता है।

**आधी आबादी वैक्सीनेटेड फिर भी बढ़ रहा कोरोना**

ब्रिटेन में आधी से ज्यादा आबादी कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज ले चुकी है। यहां बूस्टर डोज भी लगना शुरू हो गया है। इसके बावजूद यहां कोरोना का म्यूटेटेड वर्जन तेजी से संक्रमण फैला रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वर्जन डेल्टा वैरिएंट से भी 10 गुना ज्यादा संक्रामक हो सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि यह कहना जल्दबाजी होगा कि यह वैरिएंट डेल्टा से ज्यादा खतरनाक है और सामान्य टेस्ट से इसकी पहचान नहीं हो सकती। ब्रिटेन में आधी से ज्यादा आबादी पूरी तरह से या फिर आंशिक तौर पर वैक्सीनेटेड हो चुकी है। यहां एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का प्रयोग किया जा रहा है।

## आर्यन खान ने ड्रग्स को लेकर की थी बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ बात

### जमानत के फैसले के बीच बढ़ी आर्यन की मुश्किल



**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स पार्टी मामले में गिरफ्तार आर्यन खान की जमानत याचिका पर बुधवार 20 अक्तूबर को गुरुवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 14 अक्तूबर को सेशंस कोर्ट में जज ने वकीलों की मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, सुनवाई से पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के हाथ बड़ा सबूत लगा है। दरअसल, एनसीबी को आर्यन खान कुछ और चैट्स मिली है। इस चैट्स में आर्यन मुंबई क्रूज पार्टी में शामिल होने वाली एक बॉलीवुड अभिनेत्री से ड्रग्स पर चर्चा कर रहे थे। आज आर्यन खान की जमानत पर सुनवाई से पहले एनसीबी ने यह चैट मैसेजेस भी कोर्ट को सौंप दिए हैं।

## चांदी की पायल के लिए कुल्हाड़ी से काट डाले पैर

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में लूट के लिए महिला की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि लुटेरे महिला के दोनों पैर काटकर चांदी की पायल लूट ले गए। पुलिस का कहना है कि घटना जमवा रामगढ़ इलाके की है। मृतक की पहचान गीता देवी के रूप में हुई है, जो खेतहपुरा गांव की रहने वाली है। महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से वार करके उसकी हत्या की और पैर काटकर पायलें भी निकाल लीं।

## शोपियां में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को किया ढेर, पूरे इलाके की घेराबंदी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। शोपियां मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों मार गिराया है। सुराक्षबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी है। साथ ही तलाशी अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के चीरबाग द्रगाड इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने चीरबाग द्रगाड गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आतंकी लगातार सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करते रहे। सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और दो आतंकियों मार गिराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी थी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई और आतंकियों को मार गिराया।

## दुष्कर्म के आरोप में फरार करण मोरवाल पर इनाम बढ़ाकर 25 हजार किया

**इंदौर।** दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे बड़नगर के कांग्रेसी विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल पर इंदौर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। इंदौर पुलिस करण पर इनाम की राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी है। करण पर इंदौर के राजेन्द्र नगर क्षेत्र में रहने वाली महिला नेत्री ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था और केस दर्ज कराया था। करण दुष्कर्म के मामले में छह महीने से फरार है। इंदौर पुलिस ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया है। करण की तलाश इंदौर पुलिस की क्राइम ब्रांच, महिला थाना पुलिस के साथ ही बड़नगर पुलिस कर रही है।

## एनआईए की 11 स्थानों पर छापेमारी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने के मामले में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने 11 जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के तहत श्रीनगर में चार जगह, बारामूला में दो जगह, पुलवामा में एक जगह, अवंतीपोरा में दो जगह, सोपोर में एक जगह और कुलगाम में एक जगह शामिल है। इससे पहले 10 अक्तूबर यानी रविवार को भी एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में 16 जगहों पर छापा मारा था। एनआईए ने कुलगाम, बारामुला, श्रीनगर, अनंतनाग में कार्रवाई की थी। जानकारी के अनुसार, वॉयस ऑफ हिंद पत्रिका से जुड़े मामलों में यह कार्रवाई की गई है। टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) के कमांडर सज्जाद गुल के घर पर भी अधिकारियों ने छापा मारा।

## राजधानी काबुल में जोरदार धमाका

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित देहमाजांग चौक के पास आज सुबह एक जोरदार धमाका हुआ। इस घटना में कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वहीं तालिबान प्रशासन ने भी मृतकों की संख्या बताने से फिलहाल इनकार कर दिया है। स्थानीय निवासी ने कहा कि देहमाजांग इलाके में सुबह 7.50 बजे एक जोरदार धमाका सुनाई दिया

## लखीमपुर हिंसा पर सुको की फटकार



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई जारी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने में देरी पर यूपी सरकार को जमकर फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि कल रात एक बजे तक इंतजार करते रहे। आपकी स्टेटस रिपोर्ट हमें अंतिम समय में मिली है। जबकि पिछली सुनवाई के दौरान हमने आपको साफ कहा था कि कम से कम एक दिन पहले हमें स्टेटस रिपोर्ट मिल जानी चाहिए। वहीं इसके जवाब में यूपी सरकार की तरफ से पेश वकील हरीश साल्वे ने कहा कि हमने प्रगति रिपोर्ट दाखिल की है। आप मामले की सुनवाई शुक्रवार तक टाल दीजिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने सुनवाई टालने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना ने यूपी सरकार से पूछा कि आपने 44 लोगों की गवाही ली है, बाकी की क्यों नहीं? साल्वे ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि फिलहाल प्रक्रिया चल रही है।

## 17 साल बाद बदलने वाला है फेसबुक का नाम



**वेब डेस्क।** पिछले 17 सालों से फेसबुक एक ही नाम से जाना जाता रहा है, लेकिन अब इसकी री-ब्रांडिंग की तैयारी चल रही है। खबर है कि फेसबुक का नाम बदलने वाला है और इसका आधिकारिक एलान जल्द ही फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग करने वाले हैं। अगले सप्ताह फेसबुक के एक इवेंट में नए नाम का एलान हो सकता है। द वर्ज की रिपोर्ट के मुताबिक 28 अक्तूबर को फेसबुक का एक कॉन्फ्रेंस होने वाला है जिसमें मार्क जुकरबर्ग फेसबुक के नए नाम का एलान कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फेसबुक एप के अलावा कंपनी के अन्य प्रोडक्ट जैसे Instagram, WhatsApp, Oculus आदि के नाम को लेकर भी बड़े एलान हो सकते हैं, हालांकि इस रिपोर्ट पर फेसबुक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में ही फेसबुक ने कहा था कि वह अब मेटावर्स कंपनी बनने जा रही है जिसके लिए उसने 10 हजार लोगों को नियुक्ति की है और भविष्य में अन्य नियुक्तियां भी होंगी। मेटावर्स का मतलब एक आभासी दुनिया से है जिसमें लोग फिजिकली मौजूद ना होते हुए भी मौजूद रहेंगे। मेटावर्स शब्द वर्चुअल रियलिटी और ऑग्युमेंट रियलिटी जैसा ही है। मेटावर्स में केवल फेसबुक ही नहीं, बल्कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां निवेश कर रही हैं। मार्क जुकरबर्ग का मानना है कि आने वाले समय में लोग फेसबुक को सिर्फ एक सोशल मीडिया कंपनी नहीं, बल्कि एक मेटावर्स कंपनी के रूप में जानें।

## नारायण साई को झटका पेरोल देने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दुष्कर्म के मामले में दोषी, आसाराम बापू के बेटे नारायण साई को 14 दिन की फरलो दिए जाने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि फरलो कोई पूर्ण अधिकार नहीं है और इसे देना कई कारकों पर निर्भर करता है। अदालत ने कहा कि साई की कोठरी से एक मोबाइल फोन मिला था, इसलिए जेल अधीक्षक ने राय दी थी कि उसे फरलो नहीं दी जानी चाहिए।

# ईद मिलादुन्नबी पर शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस, अंजुमन स्कूल में जलसा

### पैगम्बर साहब के इंसानियत, भाईचारा और आपसी सौहार्द के संदेश को लेकर बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम




**कटनी।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में शान ओ शौकत के साथ अंजुमन इस्लामिया स्कूल में जलसे के रूप में मनाया गया। इस मौके पर मंगलवार को दिलावर चौक से जूलूस निकाला गया। जुलूस मिशन चौक स्थित यासीन होटल, आजाद चौक, मिशन चौक, अहिंसा तिराहा, रुई बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मोहन टॉकीज रोड, कचहरी चौराहा होते हुए अंजुमन इस्लामिया स्कूल परिसर पहुंचा, जहां जलसे का आयोजन किया गया। रास्ते में बैंडदल ने शानदार प्रदर्शन किया। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए खुशी जाहिर की। स्कूल परिसर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सबसे पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम जनाब हाफिज ऐनुल हक साहब ने तिलावते कलाम पाक से जलसे का आगाज किया। इसके बाद पैगंबर साहब के इंसानियत के संदेश और आपसी भाईचारा, सौहार्द बनाए रखने जैसे प्रेम एवं कौमी एकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठजनों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश को सुनाया व लोगों से



अमन चैन कायम रखने की गुजारिश की। पैगंबर साहब के इंसानियत, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने, प्रेम एवं कौमी एकता का संदेश दिया गया। दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन अकील अहमद सिद्दीकी ने किया। कादरी शरीफ खान, इश्तियाक खान, अनीस खान, अकील सिद्दीकी ने माला एवं शॉल पहनाकर सम्मान किया। जलसे में आए लोगों का अंजुमन सदर लिप्पू भाई ने मुबारकबाद देते हुए इस्ताकबाल किया। किबरिया निजामी साहब ने जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में ओसाफ अहमद नियाजी ने सलत ओ सलाम पेश किया ओर हाफिज साहब ने दुआएं मांगकर कार्यक्रम का समापन किया।

## जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

जलसे में शहर के जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के सदर हाजी कैस अहमद लिप्पू भाई, हाजी मुन्ना भाई, हाजी शेख मुस्ताक, लईक अहमद, मोहम्मद अकरम, हाजी नसीर, हाजी लतीफ, हाजी तारिक, हाजी नूर उल हक, नादिर अली, हाजी शकील अहमद, अरशद खान, रजा कादरी ने विधायक संदीप जायसवाल के पुत्र सिद्धार्थ जायसवाल, निर्वतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष मिथलेश जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, मारूफ अहमद हनफी, राजा जगवानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मौसूफ अहमद बिट्टू, नासिर खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष महमूद खान, हाजी गुलाम जाफर, पंकज गौतम, रमेश सोनी, ख्वाजा नियाजी, हाजी पापा, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष अज्जू भाई, जनाब अजहरुद्दीन, मो शकील, मो जावेद, हाजी दानिश अहमद, आदिल अहमद, सिद्धार्थ राय, हाजी असलम, साजिद अहमद, हिप्पी अहमद, सोहेल अली, अरशद मंसूरी, सिप्तैन रजा, वसीम खान, रमजान सिद्दीकी, तारिख खान का सम्मान माला एवं दस्तार शॉल पेश कर सम्मान किया गया।

## दीन दुखियों की सेवा कर मनाई ईद मिलादुन्नबी

कटनी। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के रूप में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंयिबों ने पैगम्बर साहब द्वारा बताए गए दीन दुखियों के सेवा और आपसी भाईचारे के संदेश पर अमल करते हुए



जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग किया। इस मौके पर हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिला चिकित्सालय में पहुंचकर यहां भर्ती मरीजों से उनका हाल चाल जाना और फल वितरण किया। इस मौके पर हाजी नूर उल हक, हाजी लिपू भाई, मोहम्मद नसीम शहर काजी, अकील सिद्दीकी समाजसेवी, मोहम्मद तारिक उर्फ सेठी, परवेश मास्टर, साबिर हुसैन, परवेश मास्टर, साबिर हुसैन, मजार हक आदि की उपस्थिति रही।



## मौसम में घुली ठंडक, घरों में निकलने लगे गर्म कपड़े

**कटनी। दशहरा के बाद से ही ठंडा हुआ मौसम अब तक उसी स्थिति में अटका हुआ है। मौसम में घुली ठंडक सुबह और रात को तो महसूस की जा रही है लेकिन दोपहर के वक्त फिलहाल धूप चुभने का काम कर रही है। हालांकि ठंड के दस्तक देने के साथ ही घरों में जहां ठंड के बचाव वाले कपड़े निकलना शुरू हो गए हैं वहीं बाजार में ठंड की तैयारियां शुरू हो गई है।**

मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार दीपावली के बाद से अब तक पारा न्यूनतम 11.8 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहा है। पारा अधिकांश दिनों में 12 और 13 के इर्द-गिर्द की चलता रहा है जबकि अधिकतम पारा भी 32 से 35 के बीच रहा है। बीच में बादल हो जाने से



### बाजार में भी सजी दुकानें, रजाई, गद्दा भरने का काम भी शुरू

गर्मी भी महसूस की गई थी लेकिन वापस मौसम में ठंडक घुली हुई है। सुबह से 7 बजे तक ठंड को महसूस किया जा रहा है। वहीं वाहनों पर जाने वाले लोग सुबह 8 बजे तक गर्म कपड़े पहनकर ही निकलना उचित समझ रहे है। इसी तरह शाम ढलते ही मौसम में ठंडक घुल जाती है जो बढ़ती रात के साथ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रात के समय भी लोगों को गर्म कपड़ों में देखा जा सकता है। शनिवार को ही न्यूनतम पारा 12.8 दर्ज किया गया। ठंड की दस्तक के चलते घरों में रखी पल्ली, गद्दा, कंबल आदि निकाल लिए गए हैं। इधर बाजार में भी ठंड से संबंधित सामग्री नजर आने लगी है। पल्ली, गद्दा में रुई भरवाने के लिए भी लोग पहुंच रहे है। जिससे इन दुकानों पर भी भीड़ दिखने लगी है। शहर में झंडा बाजार स्थित रूई बाजार सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर पल्ली, गद्दा की रिपेयरिंग और बनाने का कार्य इन दिनों तूफानी तरीके से चल रहा है।



# सिवनी को हराकर कटनी सेमीफाइनल में

### अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

**कटनी।** जबलपुर में खेली जा रही अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सिवनी और कटनी के मध्य खेले जाने मैच के पहले दिन सिवनी की पूरी टीम 93 रन बनाकर आउट हो गयी। कटनी की ओर से कप्तान सचिन यादव ने 4, आदित्य बेन ने 3 एवं सुमित सिंह ने 2 विकेट लेकर सिवनी की पूरी टीम की कमर तोड़कर रख दी। जवाबी पारी खेलते हुए कटनी की टीम ने सभी विकेट खोकर 113 रन बनाए। जिसमे हर्ष मंगलानी ने 23 रन, आनफास ने 38 रन, सचिन यादव ने 22 रन बनाए। सिवनी की ओर से आलम ने शानदार गेन्दबाजी करते हुए 7 विकेट लिए। दूसरे दिन दूसरी पारी में सिवनी ने सभी विकेट खोकर 141 रन बनाए। जिसमे ओम तिवारी ने 7 विकेट चटकाए। खेल समाप्त होने तक कटनी ने 6 विकेट खोकर 63 रन बना लिए थे। पहली पारी के आधार पर कटनी को विजेता घोषित किया गया। कल सेमीफाइनल मैच कटनी एवं डिंडोरी के बीच खेला जाएगा।

### अंडर 15 के लिए 23-24 को होगा टीम का चयन

जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने बताया कि संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में बालक अंडर 15 आयु वर्ग के लिए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में नवंबर माह में किया जाना है, इसके लिए जिला क्रिकेट संघ कटनी की टीम के चयन के लिए एक चयन शिविर का आयोजन फारेस्टर प्ले ग्राउंड में 23 एवं 24 अक्टूबर को किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी जिनका जन्म 1 सितंबर 2006 के बाद हुआ है। अपरान्ह 2:30 बजे राजेश डेविड, विभाष पाटिल एवं विनीत बघेल से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मां शारदा में अटूट विश्वास, 3500 भक्त 230 किमी की पैदल यात्रा पर





## कोतमा से मैहर रथ पद यात्रा का बरही-खितौली में भव्य स्वागत

**बरही।** चलो बुलावा आया हैए माँ शारदे ने पुकारा है का गगनभेदी उदघोष करते हुए कोतमा से मैहर जा रही रथ पद यात्रा का कटनी जिले के बाबा विजयनाथ धाम बरही नगर में प्रवेश करते ही नगरवासियो ने भक्तिभाव के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर के समाजसेवी अशोक वर्मा नंदकिशोर गुप्ताए उमेश गुप्ता, प्रसन्न वदन गुप्ता, राज ताम्रकार, किशन सोनी, अंकित अग्रवाल, विकाश गुप्ता, कपिल गुप्ता सहित नगरवासियों ने यात्रा अभिनंदन स्वागत कियाए तो वही जगह.जगह नगरवासियो ने पुष्पवर्षा, आतिशबाजी करते हुए माँ के भक्तों का अभिनंदन किया। भोजन प्रसाद, रात्रि विश्राम विजयनाथधाम प्रांगण बरही में हुआ। 20 अक्टूबर की सुबह पूजा.आरती कर यात्रा बरही नगर भ्रमण करते हुए मैहर रवाना हुई। बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में जनसहयोग से नगर के युवा व्यापारियों ने यात्रा में शामिल सभी भक्तो को चाय-नास्ता भी कराया। पैदल यात्री माँ के भजनों में नाचते-झूमते आगे बढ़ रहे थे।

### खितौली में दोपहर का भोजन

कटनी जिले की सीमा खितौली क्षेत्र में यात्रा प्रवेश करते ही स्वागत उपरान्त दोपहर का भोजन खितौली में कराया गया। यहाँ क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा भोजन सामग्री की व्यवस्था कराई गई थी। खितौली के कार्यकर्ताओं ने भक्ति.भाव के साथ सभी यात्रियों को भोजन कराया। भोजन उपरान्त यात्रा का पूरे रास्ते के हर गांव में अभिनंदन किया गया।

### क्षेत्र व देश की सुख-समृद्धि के लिए यात्रा

अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के विराट नगर से माँ शारदा के प्रति अटूट आस्था रखने वाले लगभग 3500 महिला-पुरुष भक्तो का मंडल गत 15 अक्टूबर दशहरे के दिन रथ में आदिशक्ति माँ भगवती की दिव्य झांकी लेकर विसर्जन के लिए मैहर रवाना हुए है, जो 21 अक्टूबर को मैहर पहुँचेगे। यह यात्रा कोतमा के शैलपुत्री भक्त मंडल के 21 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली जा रही है। यात्रा के बारे में महेंद्र वर्मा ने यश भारत से चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र व देश मे खुशहालीए सुख-समृद्धि की कामना को लेकर पहली बार वर्ष 1987 में माँ शारदा काली मंदिर कोतमा से रथ पद यात्रा की शुरुआत उनके पिता स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा ने की थीए फिर 1989ए 1993 में भी यात्रा निकाली गई थी। कोतमा की ही वैरियर कमेटी के 25 वे रजत जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भी यात्रा निकाली गई। अब 5 वर्ष बाद शैलपुत्री भक्ति मंडल द्वारा इस बार की यात्रा निकाली जा रही है जो अपने आप मे विशालताए दिव्यताए अलौकिकता का दर्शन करा रही है।

### पैदल यात्रा में गजब का उत्साह

यात्रा में शामिल रामभूषण शर्मा, बदरा कोतमा बताते है कि 250 किलोमीटर की यह विशाल यात्रा अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी जिला के विभिन्न ग्राम, नगर होते हुए 7वे दिवस मैहर पहुँचेगी। यात्रा में शामिल सभी भक्तों के लिए आयोजन समिति द्वारा भोजनए रात्रि विश्राम की व्यवस्था के साथ ही आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस साथ मे लेकर चल रहे है। जहाँ भी यात्रा प्रवेश कर रही हैए वहां भक्तिभाव के साथ स्वागत किया जा रहा है।दोपहर भोजन उपरान्त खितौली से रवाना हुई यात्रा बरही नगर में रात्रि करीब 1 बजे पहुची। विजयनाथधाम प्रांगण में रात्रि भोजन, पड़ाव हुआए बुधवार की सुबह साढ़े 6 बजे यात्रा मैहर के लिए रवाना हुई।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, कॉमेडी, फुल एंटरटेनमेंट


रोजाना 4 शो ता. 22 से दोपहर 12.45, 3,5.15 एवं 7.30 बजे से
बबलू बैचलर
कलाकार- शरमन जोशी, पूजा चौपड़ा, तेजश्री प्रधान, राजेश शर्मा, महेशचंद्र देव आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में
हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह


रोजाना 4 शो ता. 14 से दोपहर 12.30, 3.30,6 एवं 8.30 बजे से
VENOM (हिन्दी में)
(LET THERE BE CARNAGE)
कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

# धूमधाम से मनाया आचार्य विद्यासागर जी का अवतरण दिवस

### जैन बोर्डिंग हाऊस परिसर में कुलरत्न भूषण महाराज के सानिध्य में आयोजन




**कटनी।** जैन धर्मावलंबियों द्वारा आज प्रातः आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ नगर में विराजमान 108 आचार्य कुलरत्न भूषण जी महाराज के मंगल सानिध्य में जैन बोर्डिंग हाऊस परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री जी के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन श्री 1008 शांतिसागर रात्रिकालीन पाठशाला के बच्चों द्वारा एवं मंत्र स्थापना रिषभ कुमार, रविकुामर जैन बरगी वाले परिवार द्वारा की गई। आचार्य श्री के पूजन के पश्चात आचार्य श्री कुलरत्न भूषण महाराज ने चर्चा में बतलाया कि आज ही के दिन सदलगा में आचाार्य श्री का जन्म हुआ था। जो आज धरती पर चलते फिरते तीर्थंकर भगवान हैं। आचार्य भगवान ने मानव कल्याण, जीव दया के लिए हाथ करघा, स्वदेशी बनिये के साथ पूरे देश में लगभग 200 गौशाला स्थापित करवाईं, जिसमे निरीह पशुओं का भरण पोषण किया जा रहा है। बेटी कैसे स्वालंबी बने, उसके लिए प्रतिभा स्थली की स्थापना के साथ औषधि वन लगाने की प्रेरणा भी दी। आपके द्वारा दीक्षा प्राप्त अनेक मुनिराज आर्यिकाएं अपनी आत्म साधना के साथ नई पीढ़ी को धर्म मार्ग में लगाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। आज सभी आचार्य श्री के बतलाए मार्ग पर चलकर अपना कल्याण कर सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 20 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# सहारा इंडिया में फंसे 10 हजार निवेशकों के 70 करोड़

## कैमोर ब्रांच में ताला लगने की खबर से फूटा आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कैमोर।** सहारा इंडिया की वित्तीय शाखा द्वारा कैमोर क्षेत्र में लगभग दो दशकों से बैंकिंग कार्य किया जा रहा था। कैमोर सहित विजयराघवगढ़ और बरही क्षेत्र के हज़ारों निवेशकों के लगभग 70 करोड़ रुपये सहारा इंडिया में फंसे हैं। परिपक्वता अवधि बीत जाने के बाद भी निवेशकों को उनकी रकम का भुगतान नहीं किया जा रहा। इसी बीच सहारा इंडिया की कैमोर में संचालित ब्रांच को बंद कर उसे कटनी ब्रांच में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। कल कैमोर में निवेशकों को जैसे ही ब्रांच में ताला लगने की खबर मिली भारी संख्या में निवेशक सहारा ब्रांच पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। बाद में निवेशकों की ओर से एक ज्ञापन भी एस डी एम को सौंपा गया है जिसमें निवेशकों का भुगतान होने तक सहारा इंडिया ब्रांच कैमोर में ही संचालित करने की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमोर क्षेत्र में सहारा इंडिया ने दो दशक पहले कैमोर क्षेत्र में अपना काम शुरू किया था। सहारा द्वारा क्षेत्र में एक सैकड़ा से भी अधिक एजेंटों के माध्यम से लोगों की बचत जमा की जाती थी। लोगों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए कैमोर के खलवारा बाज़ार में सहारा इंडिया ने अपनी ब्रांच भी खोली थी। सहारा के एजेंट लोगों के घर- घर जाकर उनकी छोटी बड़ी बचत लाकर ब्रांच ऑफिस में जमा करते थे। छोटे-छोटे दुकानदारों से लेकर सामान्य गृहणियों तक से प्रतिदिन किश्त कलेक्शन की जाती थी। कोई 20 रुपये कोई 50 रुपये तो कोई 100 रुपये




रोज जमा करता था। इसके अलावा फिक्स डिपाजिट और रेकरिंग के माध्यम से भी लोगों की जमा पूंजी सहारा इंडिया में निवेश की गई थी। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 10 हज़ार खाता धारकों के लगभग 70 करोड़ रुपये अभी भी सहारा इंडिया में जमा है। इनमें से अधिकांश की परिपक्वता अवधि समाप्त हो गई है पर उन्हें उनकी जमा राशि नहीं लौटाई जा रही। कभी कोविड के बहाने तो कभी कोई और बहाना बनाकर निवेशकों को भटकाया जा रहा। लोगों ने एजेंटों के माध्यम से राशि दी थी इसलिए वे एजेंटों को घेर रहे पर एजेंट कुछ नहीं कर पा रहे। बताया गया कि इसी बीच यह खबर फैल गई कि सहारा इंडिया के कैमोर स्थित ब्रांच को बंद कर कटनी ब्रांच में मर्ज किया जा रहा। 24 अक्टूबर से कैमोर ब्रांच में ताला लग जायेगा। कल सोमवार को ब्रांच का फर्नीचर आदि निकाला जा रहा था। इस खबर के फैलते ही कल भारी संख्या में निवेशक सहारा की खलवारा ब्रांच पहुंच गए और उन्होंने ब्रांच बंद किये जाने का विरोध किया। निवेशकों का कहना था कि सहारा इंडिया पहले उनकी जमा रकम लौटाये। काफी देर तक हंगामा चलता रहा जिसके चलते कल फर्नीचर नहीं खोला जा सका। निवेशकों के साथ एजेंट भी ब्रांच ऑफिस कटनी ले जाये जाने का विरोध कर रहे। काफी देर चली गहमा गहमी के बाद निवेशक कांग्रेस नेता सरवर खान के नेतृत्व में एस डी एम कार्यालय विजयराघवगढ़ पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपकर सहारा इंडिया में जमा उनकी राशि का भुगतान कराये जाने तथा भुगतान होने तक ब्रांच ऑफिस कैमोर में ही रखने की मांग की। निवेशकों ने बताया कि सहारा इंडिया के रियल स्टेट और हाउसिंग स्कीम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है पर बचत योजनाओं को लेकर अभी कोई प्रकरण कोर्ट में नहीं है अतः सहारा इंडिया कोर्ट का बहाना न बनाये निवेशकों को उनकी जमा राशि अविलंब लौटाई जाए।

### झंडा चौक और कटरा बाजार में रामायण के प्रसारण का हुआ समापन

## लव-कुश प्रसंग देख दर्शकों की छलकी आंखें





**उमरियापान, यशभारत।** नगर की दो प्रमुख सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समिति झंडा चौक और कटरा बाजार द्वारा नवरात्र एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में प्रोजेक्टर के माध्यम से सुप्रसिद्ध धारावाहिक रामायण का प्रसारण दिखाया जा रहा था। बीते दिन उत्तरकांड के लव-कुश प्रसंग के साथ ही रामायण की इन कड़ियों का समापन हो गया। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से शुरू होने वाली रामायण की सिलसिलेवार कड़ियों को देखने दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो जाती थी। हर वर्ग और समाज के लोग मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को देखने के लिए पूरे भक्तिभाव के साथ भक्त प्रसारण स्थल पर पहुंचते थे। प्रसारण के अंतिम कड़ी में जनकनंदनी मां सीता का अयोध्या से निर्वसन, बाल्मीकी ऋषि के यहां उनका आश्रय, लव-कुश का जन्म सहित अन्य प्रसंग एक-एक कर दिखाए गए। मां सीता को दीन-हीन स्थिति में देखकर दर्शक बेहद दुखी हुए। बाद में श्रीराम के अश्वमेघ का घोड़ा विचरण करते हुए बाल्मीकी ऋषि आश्रम के पहुंचा और लव-कुश द्वारा इसे कोतुहलवश बांध लिया गया। घोड़े के माथे पर लिखा संदेश पढ़ने के बाद लव-कुश ने भगवान श्रीराम की सेना से युद्ध करने का मन बनाया। इन बालवीरों से एक-एक कर सेना के सभी महारथी पराजित होते गए। पवनपुत्र हनुमान को भी लवकुश ने बंदी बना लिया। अंततः भगवान श्रीराम को लव-कुश से युद्ध के लिए उपस्थित होना पड़ा। पिता-पुत्र के बीच युद्ध होता इसके पहले ही महर्षि बाल्मीकी वहां पहुंचे और यह अनर्थ होने से रोकते हुए लव-कुश को बताया कि अध्योध्या नरेश श्रीराम ही उनके पिता है। पूरा प्रसंग देखकर दर्शक द्रवित हो गए और उनकी आंखें छलक पड़ी। इसके बाद वह मार्मिक प्रसंग भी आया जिसमें अयोध्या की प्रजा से न्याय मांगने बालक लव-कुश अयोध्या पहुंचे और महर्षि बाल्मीकी द्वारा रचित रामायण गा-गाकर अयोध्यावासियों को जगाने लगे।

लव-कुश के गायन और वीरता की ख्याति रामदरबार तक पहुंची। महाराजा राम ने लवकुश को दरबार में बुलाया जहां उन्होंने रामायण गाकर सुनाई। प्रसंग का अंत माता सीता के उपस्थित होने और धरती में समाहित हो जाने के साथ हुआ। 11 दिवस तक चले रामायण प्रसारण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा सहित पूरा पुलिस स्टाफ मुस्तैद नजर आया। इस अवसर पर झंडा चौक समिति के सुखदेव चौरसिया, वंशरूप चौरसिया, किशोरी लाल चौरसिया, रामानंद चौरसिया, ज्ञानचंद चौरसिया, ओम प्रकाश बोले चौरसिया, सुख्खड़, नरेंद्र, दैया, मंकू चौरसिया, संजय, अतुल, राहुल, राजेश, बुटानी, गगन चौरसिया, मनीष, धन्नू, टीटी, के के चौरसिया, जैकी, शिवम, अंकित, गगन चौरसिया, ज्ञानेंद्र श्रीवास सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा है। इसी तरह कटरा बाजार की समिति के विजय दुबे, राधिका, जय प्रकाश चौरसिया, सुभाष पांडे, बशोरी बड्डा चौरसिया, राजा, भल्लू, राजू चौरसिया, सम्राट, नितिन, अम्मू, रिंकल, पप्पू चौरसिया सहित अन्य लोगों की न केवल उपस्थिति रही बल्कि आयोजन में उल्लेखनीय सहयोग भी रहा।

# दो साल से महाराष्ट्र के पुणे में रहकर काट रहे थे फरारी

### किशोरी के अपहरण और बलात्कार के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैमोर।** एक किशोरी के अपहरण और बलात्कार के अपराध में मुख्य आरोपी को सहयोग देने वाले तीन अन्य आरोपियों को कैमोर पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी न्यायालय द्वारा न केवल फरार घोषित किये गये थे, बल्कि इनकी गिरफ्तारी पर ईनाम भी घोषित था।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन द्वारा इन आरोपियों की पतासाजी पर एक टीम गठित कर पुणे रवाना किया जहां पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए गए हैं। अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि कैमोर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका को आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं बलात्कार की शिकायत के बाद थाना कैमोर में अपराध क्रमांक 140/ 19 धारा 363, 366,368,370 (क) 376, 120 (ठ) 342, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। नाबालिग की बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी बड्डा उर्फ गोपाल दास बर्मन पिता सोने लाल बर्मन उम्र 26 साल निवासी ग्राम धवैया थाना कैमोर को 18 नवंबर 2019 को गिरफ्तार कर लिया था, किंतु अपराध में सहयोग देने वाले तीन आरोपी राजू सिंह ठाकुर पिता धनुर्धारी सिंह ठाकुर उम्र 28 साल निवासी ग्राम धवैया, रोशनी ठाकुर पति राजू सिंह ठाकुर उम्र 26 साल निवासी ग्राम धवैया एवं गुल्ली उर्फ अजमेर सिंह पिता श्री लाल उम्र 30 साल निवासी ग्राम धवैया का कहीं पता नहीं चल पा रहा था। पिछले दिनों पुलिस को सुराग मिला कि तीनों आरोपी गिरफ्तारी के डर से गांव छोड़कर महाराष्ट्र के पुणे में रह रहे हैं। पुख्ता जानकारी मिलते ही पुलिस ने पुणे पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया और उन्हें कैमोर ले आई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत फरार घोषित किया जा कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया एवं न्यायालय श्रीमती माधुरी राज लाल, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट वारंट भी जारी किए गए । पुलिस अधीक्षक



द्वारा भी उक्त प्रत्येक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रुपए नगद इनाम की राशि घोषित की गई थी।

पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश जारी किये गये थे। जिस पर अमल करते हुए कैमोर पुलिस ने कामयाबी हासिल की। टीआई कैमोर अरविंद जैन के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक जयराम साकेत, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, आरक्षक सनिल स्वर्णकार, विक्रम सिंह, सत्येंद्र सिंह ठाकुर और महिला आरक्षक भावना तिवारी द्वारा महाराष्ट्र में पुणे से हवेली पुलिस थाना के अंतर्गत उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा तीन फरार इनामी स्थाई वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।



# मास्क नहीं पहनने पर 21 लोगों का काटा चालान

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों में मास्क के प्रति जागरूकता लानें के उद्धेश्य से नगर के विभिन्न स्थलों में मास्क न पहननें वालों पर चालानी कार्यवाही भी अनवरत जारी है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के. गर्ग नें जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धकारे के निर्देशन में निगम के अतिर्क्रमण शाखा के कर्मचारियों द्वारा नगर के बाजार क्षेत्रों में मास्क न पहननें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 21 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमनें पर 2100 रूपये के जुर्मानें की कार्यवाही करते हुए संबंधितों को सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करनें की हिदायत दी गई।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां । यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते है ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है ।
नि:शुल्क अस्थि जांच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है । आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है । नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है । 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्ट प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

# बड़वारा के आदिवासी परिवारों को अब घर में मिलेगा कोटे का राशन

## प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखंडों के लिए आपका राशन- आपके द्वार योजना को सरकार की हरी झंडी



**कटनी।** प्रदेश सरकार अब आदिवासी परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दिया जाने वाला राशन उनके घर तक पहुंचाएगी। राशन के लिए अब उन्हें उचित मूल्य राशन दुकानों तक नहीं जाना होगा। प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखंडों के लिए इस योजना को कैबिनेट की बैठक में भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पिछले महीने की 18 तारीख को अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आये थे तभी उन्होंने इस योजना की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद एक महीने में ही राज्य सरकार की कैबिनेट इस योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रदेश की एक लोकसभा सीट और तीन विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के चलते यहां अभी इस योजना को लागू नहीं किया जायेगा। प्रदेश के 89 में से 80 आदिवासी विकासखंडों में यह योजना लागू हो जायेगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार इस योजना से अब प्रदेश के 22 लाख से अधिक परिवारों को घर बैठे राशन उपलब्ध होगा। योजना के तहत राशन वितरण के लिए जो वाहन खरीदे जाएंगे वे भी आदिवासियों के नाम पर होंगे। इन वाहनों के लिए आदिवासी परिवार के बेरोजगार युवकों को सरकार की गारंटी पर बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना के सही क्रियान्वयन के लिए 15 - 15 गांवों का कलस्टर बनाया जाएगा। इस योजना से 500 आदिवासी युवकों को सीधा जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने की भी सरकार की मंशा है। बताया गया कि इस योजना की घोषणा हालांकि प्रदेश में उपचुनावों की आचार संहिता लागू होने से पहले 18 सितंबर को ही कर दी गई थी इसके बाद भी योजना मंजूरी के लिए निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी। फिलहाल उपचुनाव वाले छेत्र के आदिवासी विकासखंडों में योजना के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी। उपचुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद यहां भी इस पर अमल शुरू हो जाएगा।

# ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जरूरतमंदों को कराया भोजन





**कटनी।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष कैस मोहम्मद, अकील सिद्दीकी, जाकिर हुसैन निरंजन पंजवानी, मुकेश खरे, लक्ष्मीकांत भारद्वाज एवं अन्य सदस्यों ने रोटी कुटी में पहुंचकर ईद मिलादुन्नबी के जरूरतमंदों को भोजन एवं फल वितरित किया। पैगंबर साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नवी के मौके पर जाग्रति पार्क में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आम नागरिकों को दिया गया। साथ ही समाज के सभी वर्गों के लिए अमन चैन और खुशी की दुआ की गई।







# एड्स जागरूकता को लेकर हुई भाषण स्पर्धा

## दीवारों पर भी लिखे जागरूकता के संदेश

**कटनी।** राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं मध्यप्रदेश एड्य नियंत्रण समिति के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रथम चरण में 12 अगस्त से 18 अगस्त तक एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया था। इस अभियान का दूसरा चरण 12 अक्टूबर से शासकीय तिलक कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता से प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता में रामकुमार बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, आकाश दुबे बी.एस.सी. तृतीय वर्ष एवं अभिनन्दन कुषवाहा बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में 18 अक्टूबर को एड्स उन्मूलन जागरूकता संबंधी अभियान में दीवार लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कुमारी वन्दना बर्मन बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान कुमार आयुषी पाल बी.कॉम द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान राघवेन्द्र नामदेव बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। इन दोनों कार्यक्रमों के निर्णायक डॉ. व्ही.के.द्विवेदी, जितेन्द्र साकेत, अमित चौधरी, आनन्द सिंह, राजेश साहू, सुश्री माहेश्वरी पटेल रहे। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# पशुओं की नस्ल सुधारने व बीमारियों से बचाव के लिए पशु सखी देंगी गांवों में सेवाएं

## आजीविका मिशन ने समूह की 30 महिलाओं को किया प्रशिक्षित, खुद भी जुड़ेंगी स्वरोजगार से, बनेगी आत्मनिर्भर



कटनी। राज्य सरकार आजीविका मिशन के माध्यम से समूह बनाकर गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने लगातार प्रयास कर रही है। नर्सरी, कुटीर उद्योग, मुर्गी पालन, भैंस पालन के अलावा अन्य क्षेत्रों का भी प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है और गांवों में उनकी सेवाएं भी ली जा रही हैं। जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण के साथ आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। अब समूह की महिलाओं को पशु सखी के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित सखियां गांव जाकर लोगों को उन्नत नस्ल के पशु पालने, सामान्य रोगों की जानकारी, बचाव सहित अन्य जानकारी देंगी और खुद भी उसके माध्यम से जुड़कर पशुपालन के जरिए आत्मनिर्भर बनेगी। जिले में आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित महिला समूहों की 30 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। गांव अधिकांश लोग पशुपालन करते हैं लेकिन पशुओं की देशी नस्ल के कारण उन्हें उनका सही लाभ नहीं मिल पाता है। प्रशिक्षित सखियां गांव में ऐसे लोगों को उन्नत नस्ल के पशु पालने और उसके लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगी। इसके अलावा पशुओं को होने वाले सामान्य रोगों की जानकारी और उससे बचाव के तरीके भी सखी पशुपालकों को बताएंगी और प्राथमिक उपचार भी सखी कर सकेंगी। दूध देने वाले पशुओं की देखभाल कैसे की जाए और दूध उत्पादन के साथ ही अन्य लाभ क्या हो सकते हैं, इसकी जानकारी भी सखियां ग्रामीणों के साथ ही महिला समूह की महिलाओं को भी देंगी।

### डेयरी संचालन, बकरी पालन से भी करेंगी प्रेरित

गांवों में महिला समूह की सदस्यों को शासन की योजनाओं के तहत डेयरी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि के लिए भी प्रेरित करने का कार्य पशु सखियां करेंगी ताकि गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर होकर पुरूषों के कांधे से कांधा मिलाकर अपने परिवार को अच्छे से भरण पोषण कर सकें। दूसरों को प्रेरित करने के अलावा प्रशिक्षण के बाद सखी भी अपने घरों में पशुपालन व उसे जुड़े अन्य माध्यमों से आय का साधन बनाएंगी।

### गौ उत्पाद भी करेंगी तैयार

पशु पालन के साथ ही गौ उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण भी पशु सखियों को दिया गया है। जिसके माध्यम से वे अपने घरों में जैविक खाद, कीटनाशक, गौ मूत्र आदि उत्पाद भी तैयार करेंगी और ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगी। गौ उत्पादों के माध्यम से पशु सखी अपनी आय का जरिया भी बना सकेंगी।

# गीले कचरे से खाद बनाने लोगों को किया जागरूक

### होटल, गार्डन और रेस्टारेंट पहुंचा दल



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नियुक्त सहयोगी संस्था के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु नागरिकों को जागरूक करनें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी श्रंखला में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी सुनील सिंह के मार्गदर्शन में विगत दिवस निगम की सहयोगी संस्था द्वारा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित वल्लभ नगर खेर माता मंदिर के गार्डन एवं मिश्री गार्डन में वेस्ट टू कंपोस्टिंग के माध्यम से ठोस अपशिष्ट उत्पादकों से खाद का निर्माण करनें हेतु अभियान के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान अपशिष्ट पदार्थ जैसे सब्जी, फल, अंडे के छिल्के, चयपत्ती फूल, पौधों के पत्तियां एवं अन्य प्रकार का गीले कचरे से घर पर ही मटका खाद तैयार करनें की जानकारी प्रदान की गई। निगम की नियुक्त एजेंसी के सदस्यों द्वारा नगर के बडे होटलों, रेस्टारेंटों में भी संपर्क कर कंपोस्टिंग के माध्यम से खाद तैयार कर होटलों एवं रेस्टारेंट के बगीचों एवं घरों के गमलों में इसका प्रयोग पर जमीन एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढानें की जानकारी प्रदान की जाकर नागरिकों को इस प्रक्रिया को अपनानें एवं निकलनें वाले कचरे की मात्रा को कम करनें की अपील की गई।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रमांक 5547/प्रवा.वि. अधि./2021 — कटनी दिनांक – 08/10/2021

**प्रारूप (ख) सूचना का प्रारूप ।। नियम 6(1) देखिये।**

चूंकि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक सुचेत जैन पिता सुनील जैन (अविवाहित) साकिन रेल्वे सलैया अमगवां तहसील रीठी जिला कटनी वर्तमान पता ए.सी.सी. कालोनी कटनी म.प्र. एवं आवेदिका सोनाली तन्तुवाय पिता मोतीलाल तन्तुवाय (अविवाहित) साकिन रेल्वे स्टेशन सलैया अमगवां तहसील रीठी जिला कटनी वर्तमान पता ए.सी.सी कॉलोनी कटनी म.प्र. द्वारा मध्यप्रदेश हिन्दु विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 उपनियम (1) के अधीन आवेदक जिसकी प्रति संलग्न है अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया गया है और उक्त वक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख 26/11/2021 नियत की गई है। आपको एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टयों की सत्यता स्वीकार करते हैं और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दु विवाह के तथ्यों को हिन्दु विवाह अधिनियम , 1955/(1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ती है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होती तो वह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नहीं है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख 26/11/2021 को उपस्थित हो सकते है और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

**अपर कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार हिन्दू विवाह**
**जिला-कटनी (म.प्र.)**

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन:- 230033

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कटनी (म.प्र.)**

email ld-cmhokat@nic.in, dpmukat.mp.@nic.in

क्रमांक/एनएचएम/अक्टूबर/2021/4398 — कटनी, दिनांक : 08.10.2021

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा का चयन किया जाना है, अतः कटनी नगर निगम शहरी क्षेत्र के वार्डों की मलिन बस्ती / स्लम क्षेत्र में योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है, उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कटनी में जमा करें।
आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। आवेदन पत्र दिनांक 21.10.2021 से दिनांक 08.11.2021 तक कार्यालयीन समय (शाम 05.30 बजे) तक इस कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किये जा सकेंगे।

**आवेदन हेतु अर्हताऐं**

1. निवासी- संबंधित मलिन बस्ती/वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है।
2. आयु सीमा- आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. प्राथमिकता- उम्मीदवार का विवाहित महिला होना आवश्यक है। तलाकशुदा परित्यक्ता, विधवा महिला को वरीयता दी जाएगी।
4. शैक्षणिक योग्यता- न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, प्राप्त आवेदकों में से शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित अर्हता में उच्चतम अंक अर्जित करने वाली महिला को शहरी आशा के रूप में चयनित किया जाएगा।
5. अनुभव- ए.एन.एम. प्रशिक्षण प्राप्त महिला, महिला आरोग्य समिति की सदस्य एवं स्वसहायता समूह में कार्यरत महिला अथवा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो (उपरोक्त अनुभव प्राप्त महिला का चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जायेगी।
6. सामान्य योग्यता वाली दो महिलाओं के आवेदन आने पर अधिक अनुभव वाली एवं कम उम्र वाली महिला को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. आशा बनने वाली महिला में प्रभावी संवार, कौशल, नेतृत्व गुण होने चाहिए और वह समुदाय तक पहुंचने में सक्षम होनी चाहिए।
8. शहरी आशा के कर्तव्यों के समुचित निर्वहन हेतु आवेदक महिला को प्रतिदिन कम से कम 04 घण्टे का समय देने पर सहमत होना चाहिए।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाना आवश्यक होगी।**

1. निवास संबंधी प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण पत्र/राशनकार्ड की प्रति/बीपीएल कार्ड/आधार कार्ड/वोटर आईडी/बैंक पासबुक)
2. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र।
3. जाति प्रमाण पत्र।
4. विधवा/तलाकशुदा होने की स्थिति में प्रासंगिक दस्तावेज।
5. अनुभव हेतु संस्था/समिति द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र।

नोट :- आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
संलग्न- वार्ड के अंतर्गत आने वाले मलिन बस्ती की सूची/ रिक्तियों की जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कटनी के सूचना पटल पर प्रदर्शित है।

जी- 18402/21 — मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कटनी

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय कटनी (म.प्र.)**

फोन नं. 07622-220436, email: prinpoly.ktn@mp.gov.in

क्रमांक/जीपीसीके/स्था./2021/586 — कटनी, दिनांक 16.10.2021

**गेस्ट फेकल्टी हेतु विज्ञप्ति**

महाविद्यालय में उपसत्र जुलाई से दिसंबर 2021 के लिए गेस्ट फेकल्टी की निम्नानुसार आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र, मूल प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल के साथ ई-मेल द्वारा दिनांक 28.10.2021 सायं 04.00 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। चयनित उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार गेस्ट फेकल्टी कार्य हेतु शासन द्वारा वर्तमान निर्धारित दर रूपये 400/- प्रति कालखंड (पीरियड) पारिश्रमिक देय होगा।

| क्र. | ब्रांच /शाखा | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग | 01 | संबंधित इंजी. शाखा में प्रथम श्रेणी में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री |

विशेष टीप :-

1. उम्मीदवारों का चयन अर्हता परीक्षा के अंकों, उच्च अर्हता लाभ एवं अनुभव के आधार पर किया जावेगा, जिसमें तकनीकी महाविद्यालयीन स्तर पर शैक्षणिक कार्य का अनुभव मान्य होगा।
2. यह गेस्ट फेकल्टी का अनुबंध पूर्णतः अस्थाई होकर केवल एक सेमेस्टर (उपसत्र) के लिये है।
3. कार्य संतोषजनक होने पर आगामी सेमेस्टर (उपसत्र) तक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।
4. योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र के साथ मूल प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल ई-मेल द्वारा prinploy.ktn@mp.gov.in पर दिनांक 28.10.2021 सायं 04.00 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, आरक्षित श्रेणी के पद हेतु सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। प्रमाण पत्रों का प्रमाणन ऑनलाइन किया जायेगा, प्रमाणन न होने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा।
5. आरक्षित श्रेणी के अनु. जाति एवं अनु.ज.जाति के उम्मीदवारों को शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत अंकों की छूट का प्रावधान है एवं विज्ञप्ति हेतु रोस्टर नियमों का पालन किया गया है।
6. कोविड-19 की विषम परिस्थिति निर्मित होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया ऑनलाईन संपादित की जावेगी।
7. गेस्ट फेकल्टी को शिक्षकीय कार्य हेतु आमंत्रित करने या न करने का सर्वाधिकार प्राचार्य को है एवं किसी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय ही अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

**प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)**

जी-18363/21

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/-
3 दिन – 250/-
7 दिन – 500/-
15 दिन – 1200/-
30 दिन – 1800/-
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# सिटी न्यूज

www.yashbharat.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

यश भारत

कटनी, बुधवार 20 अक्टूबर 2021

फोन- 230033





## शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में बंटेगी खीर, घर-घर होगी पूजा

# 16 कलाओं से परिपूर्ण चांद आज रात करेगा अमृतवर्षा

कटनी। 16 कलाओं से परिपूर्ण चंद्रमा के आज दर्शन होंगे। शरद पूर्णिमा पर मान्यता है कि चन्द्रमा की रोशनी से लोगों के दुख, दर्द, रोग इत्यादि दूर होते हैं। शरद पूर्णिमा का पर्व आज बुधवार को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में सुबह से ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया है। शाम होते ही मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ संगीतमय कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया जाएगा। सत्यनारायण मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, गोविन्द देव जी मंदिरों में शरद पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही महिलाओं ने राधाकृष्ण की पूजा अर्चना की। शरण पूर्णिमा का पर्व अश्विन मास की समाप्ति और दशहरा के बाद पूर्णिमा के दिन मनाए जाने की परम्परा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यहां धूमधाम के साथ शरदोत्सव मनाया जाएगा।

### क्या है मान्यता

मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पूर्ण कांतिमय होकर अपनी धवल चांदनी किरणों के साथ धरती पर अमृत वर्षा करता है, जिससे पेड़, पौधे, वनस्पति फसलों पर चंद्रमा के अमृत्व का प्रभाव आ जाता है। जड़ता में भी चैतन्यता का संचार हो जाता है। इस पर्व को सत्यनारायण के व्रत से भी जोड़कर देखा जाता है। श्रद्धालु महिलाएं भक्तिभाव से व्रत रखकर पूजा अर्चना करती हैं और डेढ़ पाव खोवा, डेढ़ पाव शक्कर के 6 लड्डू बनाकर भगवान सत्यनारायण को इसका भोग लगाया जाता है, जिससे भगवान प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि पर संतान का वरदान देते हैं। महिलाएं अपने घरों में इस पर्व को श्रद्धाभक्ति के साथ मनाएंगी। शरद पूर्णिमा पर्व के चलते आज से ही खोवा के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि आसमान से अमृत वर्षा होती है। चंद्रमा अपनी किरणों से धरती पर अपनी शीतलता और पोशक ताकत की बरसात करता है। ऐसे में लोग चांदनी रात में विशेष रूप से खीर रखते हैं। खीर बनाने के पीछे का कारण इसमें मिलाया गया दूध, शक्कर और चावल है। जिसका संबंध चंद्रदेव से जुड़ा है।

### सारी समस्याएं होती हैं दूर

शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की पूजा की जाती है। वह अर्घ्य दिया जाता है। उन्हें दूध और चावल की खीर बनाकर भोग लगाया जाता है। इसके बाद खीर को रात भर खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। मान्यात है कि



पूर्णिमा की रात्रि अमृत वर्षा होती है। इससे खीर अमृतमयी हो जाती है। अगले दिन सुबह भोग लगातार खीर को खाया जाता है। वह सारी समस्याएं दूर होती हैं। पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि इस रात चंद्रमा अपने सोलह चरणों में होता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे खीर रखकर रात के 12 बजे के बाद इसका सेवन किया जाता है। इस दिन कोजागरी लक्ष्मी देवी की भी पूजा की जाती है और खरीदारी भी विशेष फलदायी होती है।

### शरद पूर्णिमा का महत्व



शरद पूर्णिमा, जिसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहा जाता हैए हिंदू कैलेंडर के अनुसार अश्विन महीने की पूर्णिमा का दिन है। वैसे तो हर महीने में पूर्णिमा आती हैए लेकिन शरद पूर्णिमा का महत्व इन सब से ज्यादा हैण् हिंदू धर्म ग्रंथों में भी इस पूर्णिमा को विशेष बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन केवल पूरे वर्ष में चंद्रमा सोलह कलाओं से भरा रहता है। हिंदी धर्म में इस दिन को कोजागर व्रत माना जाता है। इसे कौमुदी व्रत भी कहा जाता है। इस दिन श्री कृष्ण ने महारास की रचना की थी। शरद पूर्णिमा से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष अमृत.माई गुणों से संपन्न होती हैंए जो कई रोगों का नाश करती हैं। यही कारण है कि शरद पूर्णिमा की रात लोग अपने घरों की छतों पर खीर रखते हैं ताकि चंद्रमा की किरणें उस खीर के संपर्क में आएं और उसके बाद खीर का सेवन करें। कुछ जगहों पर खीर प्रसाद भी सार्वजनिक रूप से बांटा जाता है।

### आनंद बिहार कालोनी में शाम को भजन संध्या आज

वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू के मदन मोहन चौबे वार्ड आनंद बिहार कालोनी स्थित निवास में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज 20 अक्टूबर को भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर खीर का वितरण भी किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू एवं अग्निहोत्री परिवार ने समस्त स्नेहीजनों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

## मामूली विवाद पर चली चाकू, एक गंभीर

**चार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, गिरफ्तार**

**कटनी।** कोतवाली के आजाद चौक क्षेत्र में मामूली विवाद पर हुई चाकूबाजी में एक युवक पेट में चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मुताबिक 18-19 अक्टूबर की रात तिलक राष्ट्रीय स्कूल के सामने निवासी 26 वर्षीय शानू पिता नंदकिशोर छिपैल ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आजाद चौक क्षेत्र में मोहल्ले के ही अभिषेक छिपैल ने अरविंद मेहतो को धक्का दे दिया। जिसका विरोध करने अभिषेक छिपैल, बबलू उर्फ संतोष छिपैल, सूरज छिपैल एवं पेटू उर्फ चंदन छिपैल ने एक राय होकर मारपीट करते हुए अरविंद मेहतो को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू मार दी। जिसे तत्काल शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 307, 34 के तहत मामला दर्ज किया और घटना के चंद घंटो के अंदर ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में आरोपियों को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक रामचंद्र शुक्ला, विनोद सिंह, सहायक उपनिरीक्षक विजय गिरी, कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, आरक्षक पलाश दुबे, अजय प्रताप सिंह, राजेन्द्र उईके, मंसूर हुसैन, दिनेश चंद सेन की अहम भूमिका रही है।

## चोरी की बैटरी के रुपयों के बंटवारे में हुई थी भोजा की हत्या, माधवनगर पुलिस ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश

**एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार**

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के नमक गोदाम गांधी मार्केट के पास सिर पर पत्थर पटक कर की गई युवक की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल दो में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी ने हत्या की वजह चोरी की बैटरी को बेचने के बाद रुपयों के बंटवारा बताया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 17 अक्टूबर की सुबह नमक गोदाम के पास खैबर लाइन निवासी भोजा उर्फ सुशील पिता चंचलदास ठारवानी निवासी की खून से लथपथ लाश मिली थी। भोजा की अज्ञात आरोपियों ने मारपीट करने के बाद सिर पर पत्थर पटक कर नृशंस हत्या की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने वारदात में शामिल दो में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक 19 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि घटना दिनांक को हिमांशु पृथ्यानी अपने दोस्त श्याम पोपटानी के साथ आखिरी बार मोटर साइकिल में मृतक भोजा उर्फ सुशील के साथ देखा गया था। उक्त सूचना पर हेमू उर्फ हिमांशु पृथ्यानी को उसके घर से पुलिस अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा रुपयों के लेनदेन को लेकर भोजा से विवाद होने पर एक राय होकर श्याम पोपटानी के साथ मिलकर चेहरे पर पत्थर पटककर हत्या करना बताया स्वीकारा। आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में आरोपी हेमू उर्फ हिमांशु पृथ्यानी को गिरफ्तार करने में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक एम.एल.करण, पंकज शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक छेदीलाल सिंह, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर बागरी, गणेशदत्त मिश्रा, आरक्षक शिवकुमार व रविन्द्र दुबे आदि की भूमिका रही।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009


## 33 केवी करंट की तार काट ले गए चोर, अंधेरे में 40 गांव

### बरही के करौदी कला-कुआं जंगल के बीच की वारदात

**कटनी/बरही।** खितौली विद्युत स्टेशन के करौदी से कुआं की ओर



जाने वाली 33 केवी करंट दौड़ रही 7 पोलो की तार चोरी हो गई। इस अजब-गजब चोरी की वारदात से बिजली विभाग के अधिकारियों के गले से यह बात नही उतर रही है कि चोरो ने इतनी मोटी तार कैसे काटी होगी। चोरो के बुलंद हौसले से वे दंग है। 7 पोलो की तार काटकर चोरी की इस वारदात के बाद क्षेत्र के 40 गांव अंधेरे में है जिनमे कुआं, बरमानी, विरुहली आदि गांव प्रभावित हुए है।

इस संबंध में खितौली सब स्टेशन के जेई द्वारिका प्रजापति बताते है कि अज्ञात चोरों ने चैन डालकर लाइन को फाल्ट किया उसके बाद तार काटकर ले गए। तार चोरी की इस वारदात से विभाग को डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ हैए तो वही 40 गाँव अंधेरे में डूब गए है। चोरी की इस वारदात की लिखित शिकायत विद्युत विभाग द्वारा बरही थाना में की गई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नही किया है। बहरहाल चोरी की अजब-गजब वारदात से 40 गांव को अंधेरे से उबारने के प्रयास में विद्युत विभाग के अधिकारी जुट गए है।

## सराफा दुकान बरही में ग्राहक बनकर पहुंचे लुटेरे



**कटनी/बरही।** श्रिया ज्वेलर्स सराफा दुकान बरही में ग्राहक बनकर दो लुटेरे पहुँचे। दुकानदर शुभम ताम्रकार ने जैसे ही उन्हें सोने के गहने दिखाएंए तभी दोनों लुटेरे सोने की झुमकी छीनकर भागने लगे। दुकान संचालक ने शोर मचाया तभी भाग रहे लुटेरों को दुकानदारों ने दबोच लिया। एक बदमाश भाग निलकला, जबकि दूसरे को पकड़कर पुलिस को बुलाकर लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया। वारदात के संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि सतना जिले के मैहर के रहने वाले है मोहम्मद सलीम एवं मोनू शातिर चोर है, जिनके खिलाफ सतना के कोलगवां थाना में भी मामला दर्ज है। बरही में चोरी की घटना के बाद शातिर चोर सलीम को पकड़ा गया हैए जिसके कब्जे से सोने की झुमकी



और एक मोबाइल जब्त किया गयाए इस वारदात को अंजाम देने वाला दूसरा शातिर चोर भाग निकला, जिसकी तलाश की जा रही है। सोना के आभूषण लेकर भाग रहे लुटेरे की तस्बीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बहरहाल बरही पुलिस पकड़े गए लुटेरों के खिलाफ कार्यवाई करने में जुट गई है।




सिर्फ नाम ही काफी है.....

**कजारिया**

भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी

पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511

Kajaria

सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475



SAMARTH MARBLE AND GRANITE

**समर्थ**

मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668



**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा


## भोपाल-सिंगरौली सहित तीन ट्रेनें निरस्त

**कटनी।** रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 02365/02366 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल स्पेशल ट्रेन में से गाड़ी संख्या 02365 भोपाल से सिंगरौली स्पेशल ट्रेन को भोपाल स्टेशन से 20 अक्टूबर एवं 23 अक्टूबर और वापसी में गाड़ी संख्या 02366 सिंगरौली से भोपाल स्पेशल ट्रेन को सिंगरौली स्टेशन से 21 अक्टूबर एवं 26 अक्टूबर को निरस्त किया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03025/03026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा स्पेशल ट्रेन में से गाड़ी संख्या 03025 हावड़ा से भोपाल स्पेशल ट्रेन को हावड़ा से 25 अक्टूबर और वापसी में गाड़ी संख्या 03026 भोपाल से हावड़ा स्पेशल ट्रेन को भोपाल स्टेशन से 27 अक्टूबर को निरस्त किया गया है।


SUZUKI Way of Life!




अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527

त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध



CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES

SHOPPING · FUN · FOOD · ENTERTAINMENT · HOSPITALITY

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR · Reliance digital · TRENDS · PLANET FASHION · U-TURN · BOLSA · GALAXY · City Pride Cinema · Food Junction The Food Court · Hotel Grand Meridian · FLAVOURS · GRAVITY THE PUB

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)